## संक्षिप्त

### अजीत मेहता बने भाजपा जिलाध्यक्ष

**टोंक, (निसं)।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देशानुसार देर रात को राजस्थान में 8 भाजपा जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई। इसमे टोंक के पूर्व विधायक और भाजपा प्रत्याशी रहे अजीत सिंह मेहता को भारतीय जनता पार्टी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति के बाद मेहता को दूरभाष और निज निवास पर मिलने वालों का तांता लगा रहा। इस मौके पर पूर्व सफाई आयोग के सदस्य दीपक संगत, पूर्व प्रधान खेमराज मीणा, जगदीश गुर्जर, मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, शैलेंद्र जैन, अब्दुल रजाक, अनिल चतुर्वेदी, सुरेश बुंदेल, विष्णु चावला, गुड्डू खटीक, गुलाब सेठ, हकीकतराय सौदा, भगवान भंडारी, मनीष बंसल, पूर्व पार्षद ओम पांडे, पूर्व जिला प्रवक्ता ओम प्रकाश गुप्ता, अंजली गुप्ता, ममता शर्मा, लोकेश गुप्ता मौजूद रहे।



अजीत मेहता

### प्रियंका थारवान को मिलेगा अवार्ड

**फुलेरा, (निसं)।** महिला दिवस पर 35 महिलाओं को 'इंस्पायरिंग वूमेन अवार्ड' मिलेगा। गौरतलब है कि फोर्थ स्क्रीन एजुकेशन व पण्डित धर्मप्रकाश शर्मा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में सीजन 4 के इंस्पायरिंग वूमेन अवार्ड 2024 हेतु राष्ट्रीय स्तर पर 35 महिलाओं का चयन हुआ है। वही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय काचरोदा में कार्यरत वरिष्ठ अध्यापिका प्रियंका थारवान का चयन हुआ है। इन्होंने शिक्षा एवं लेखन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किये है। वे लेखन क्षेत्र में राष्ट्रीय कवित्री डॉ.अमृता प्रीतम अवार्ड, पुनीत साहित्यश्री, साहित्य अभिलाषी, काव्य विधु, मात् ज्योति आदि कई सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर चुकी है।



प्रियंका थारवान

### सी.एच.सी. भवन का शिलान्यास

**दूदू, (निसं)।** जिले के अधीन साखून ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा द्वारा नीव पूजन कर किया गया। इस अवसर पर बैरवा ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्य में कोई कमी नहीं आएगी, हम सभी जाति वर्ग को साथ लेकर भाईचारे के साथ अपने क्षेत्र का विकास मिलकर करेंगे। भवन के लिए भूमि दान करने वाले भामाशाह का आभार जताया व सम्मानित किया गया।

### सीएमएचओ ने किया निरीक्षण

**नारायणपुर (निसं)।** कोटपुतली-बहरोड जिले के सीएमएचओ डॉ.आशीष सिंह शेखावत ने क़स्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीएमएचओ द्वारा वार्ड में भर्ती मरीजों से अस्पताल में मिलने वाली निशुल्क दवाइयां एवं जाँच के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने ओपीडी, आईपीडी में आने वाले मरीजों का शीघ्र ओपीडी रजिस्ट्रेशन करने, अस्पताल स्टाफ को यूनिफ़ॉर्म एवं आईडी कार्ड में उपस्थित रहने, अस्पताल में लगी शिकायत पेटी की प्रतिदिन जाँच करने सहित अस्पताल में समय पर साफ-सफाई किए जाने तथा इसकी मॉंनिटरिंग करने हेतु टीम गठित करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर डीएनओ डॉ.रविकांत जांगिड भी मौजूद रहे।

### हर संभव मदद का भरोसा दिलाया

**पावटा, (निसं)।** कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व विधायक कुलदीप धनकड ने बुधवार को प्रागपुरा हमले में घायल पीडिता के घर पहुंच पीडिता के माता पिता व छोटे भाई से मुलाकात कर परिवारजनों को सांत्वना दी एवं सरकार की तरफ से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। जिला कलेक्टर ने परिवारजनों को आश्वस्त किया कि गठित कमेटी की भेजी गई रिपोर्ट पर राज्य सरकार की तरफ से पीडित प्रतिकर राशि 4 लाख रुपए की अभिशंषा जारी हो चुकी है। जिसे पीडिता के बैंक खाते में जमा करा दिया जायेगा। इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड, उपखंड अधिकारी कपिल कुमार, डीवाईएसपी रोहित सांखला, तहसीलदार प्रवीण कुमार सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

# स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं ए.एन.एम. के रिक्त पद भरने की गुहार लगाई

- अलीगढ़ कस्बे की पेयजल समस्या का स्थाई समाधान करें : कलेक्टर डॉ. सौम्या
- जनसुनवाई के बाद सीएचसी व श्री अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया

**टोंक/चौरू/उनियारा, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में गुरुवार को उपखंड उनियारा की ग्राम पंचायत अलीगढ में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई। जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों की शिकायत पर जलदाय विभाग के अभियंताओं को कस्बे की पेयजल समस्याओं का स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीसलपुर पेयजल प्रोजेक्ट एवं जलदाय विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें।

जनसुनवाई में परिवादी रूबीना अंसारी ने आंगनबाडी कार्यकर्ता की नियुक्ति करने, अलीगढ ग्रामवासियों ने ग्राम पंचायत में पशुओं को दफनाने के लिए भूमि आवंटित करने, नरेगा कार्य में मेटों का भुगतान करने, रास्तों से अतिक्रमण हटाने, आयुर्वेदिक औषधालय संचालित करने, शिव शक्ति कॉलोनी में सीसी रोड का निर्माण करने, कन्हैयालाल एवं श्योजीराम ने नामनांतरण खुलवाने से संबंधित प्रार्थना पत्र दिए। जिला कलेक्टर ने परिवाद से संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के पश्चात जिला कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अलीगढ का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा प्रभारी गिरीश कटारिया को निर्देश दिए कि प्रयोगशाला में होने वाली जांचों की सूची लगाएं साथ ही, खराब एक्स-रे मशीन को सही कराने के निर्देश दिए। इस दौरान रोगियों के परिजनों एवं ग्रामीणों ने चिकित्सालय में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं एएनएम के रिक्त पदों को भरने की गुहार लगाई। श्री अन्नपूर्णा रसोई के निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर को काफी अव्यवस्थाएं मिली। वहां लोगों के बैठकर खाना खाने के लिए उचित व्यवस्थाएं नहीं थी साथ ही, साफ-सफाई भी नहीं मिली। जिसे देखकर जिला कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों ने खाने की गुणवत्ता एवं शुद्धता को लेकर रसोई संचालक की शिकायत की। जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी को इसकी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा समेत समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई।

## कोल्हू से निकाले सरसों के तैल में एन्टी कैंसर कम्पाउण्ड 'फूड केमिस्ट्री' ने भी माना

**जयपुर/हरिद्वार, (का.सं.)।** पतंजलि के द्वारा विश्व में प्रथम बार कोल्हू से निकाले सरसों के तैल के ऊपर अनुसंधान किया गया, जिससे यह प्रमाणित हुआ कि सिर्फ परम्परागत कोल्हू से निकाला हुआ सरसों का तैल कैंसर से बचाने के साथ-साथ कैंसर को ठीक करने में भी मदद करता है। विश्व प्रसिद्ध रिसर्च जर्नल 'फूड केमिस्ट्री' में प्रकाशित रिसर्च के अनुसार कोल्हू से निकाले हुए सरसों के तैल में ऑउरेन्टियामाइड एसीटेट नामक एन्टी कैंसर कम्पाउण्ड पाया जाता है।

पतंजलि ही वह नाम है जो अपनी पुरातन सनातन संस्कृति को आधुनिक विज्ञान सम्मत स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित है। इस अनुसंधन को लेकर स्वामी रामदेव ने कहा कि यह अनुसंधन मात्रा एक शोध न होकर हमारी गौरवशाली भारतीय परंपरा का एक प्रत्यक्ष परिणाम है कि किस प्रकार हमारी दिनचर्या में उपयोग होने वाले विभिन्न कार्यकलाप, हमें भिन्न प्रकार के रोगों से लड़ने में सहयोगी थे। यह शोध इस बात की भी पुष्टि करता है कि विज्ञान का वास्तविक अर्थ बड़ी-बड़ी मशीनें ही नहीं अपितु साधरण सी प्रतीत होने वाली तकनीकें हैं जो लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में एक बड़ी भूमिका निभाएगी। भारतीय सनातन परम्परा प्रकृति अनुकूल विकास व सहज सरल जीवनशैली की पोषक व उसकी संवाहक थी। सदियों पुरानी कोल्हू से तैल निकालने की परम्परा न केवल वैज्ञानिक है अपितु यह प्रकृति की रक्षा, कुटीर उद्योग के माध्यम से अधिसंख्यक लोगों को रोजगार व सड़कों पर दर-दर ठोकरें खाते हुए, विचरण करते हुए गोवंश आधरित उद्योग को पुनर्स्थापित किया जा सकेगा।

## ईओ को सौंपा ज्ञापन

**फुलेरा, (निसं)।** राजस्थान पेंशनर्स सोसायटी उपशाखा फुलेरा के अध्यक्ष शक्ति सिंह ने गुरुवार को फुलेरा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी तेजराम मीणा को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि सरकार द्वारा कस्बे की जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लाखों रूपये खर्च कर जगह-जगह पर सुलभ कॉम्पलेक्स व सार्वजनिक मूत्रालय बनाये गये है। परन्तु उनकी दशा देखरेख के अभाव में दयनीय है। मूत्रालयों में मूत्र त्यागने के लिए लगे पॉट के नीचे पाइप नहीं होने के कारण पेशाब करते समय पावों व कपडों पर पेशाब के छिटे गिरते है। जिससे पेशाब करने वालों की पवित्रता प्रभावित होती है। वहीं पॉट के नीचे पाईप लगाने पर ही समस्या का समाधान होगा। वहीं सुलभ कॉम्पलेक्स में भी मूत्रालयों की स्थिती यही है। सुलभ कॉम्पलेक्स के शौचालयों में लगे नलों में पानी नहीं आता व नल भी टूटे पडे है। इसके चलते महिलाएं /पुरुष उनका उपयोग करने में अपने आप को असहज महसूस करते है। ऐसी स्थिती में शौच जाने के लिए इधर उधर भटकना पडता है। उक्त सभी समस्याओं का समय रहते निराकरण कर जनता को राहत पहुंचाने का आग्रह किया।

## जांच दल ने मालपुरा पालिका में पट्टा प्रकरण की जांच की

**मालपुर, (निसं)।** मालपुरा नगरपालिका प्रशासन द्वारा वर्ष 2012 में जारी किये पट्टों में उजागर हुये रामनगर आवासीय कॉलोनी के एक पट्टे की लोकायुक्त में हुई शिकायत के निस्तारण को लेकर लोकायुक्त के निर्देशों पर गठित जांच टीम ने गुरूवार को मालपुरा पहुंच प्रकरण की जांच की। जांच दल में शामिल किशनगढ नगरपरिषद के एक्सईएन, मेडता नगरपालिका सहायक अभियंता पवन मीणा सहित अजमेर डीडीआर कार्यालय के लेखाकार तथा एक वरिष्ठ सहायक ने पालिका कार्यालय में मिले कार्मिकों से बंद कमरे में पूछताछ कर जानकारी जुटाई।

टीम से मिली जानकारी में सामने आया कि रामनगर आवासीय कॉलोनी में वर्ष 2012 में एक महिला द्वारा बेचे गये भूखण्ड के दस्तावेज के आधार पर क्रेता द्वारा पालिका कार्यालय से एक पट्टा जारी करवाया गया था। जिसमे दस्तावेजों में दर्शाये भूखण्ड के भू-भाग से अधिक भाग का पालिका प्रशासन द्वारा पट्टा जारी कर देने से आम रास्ता सिकुड जाने से आ रही आमजन को परेशानी व पडोसियों को शिकायत के बाद विक्रम सिंह ने लोकायुक्त में शिकायत दर्ज करवाई थी। उक्त प्रकरण में जांच के लिये लोकायुक्त के आदेशों पर अजमेर डीडीआर द्वारा चार सदस्यों की जांच टीम का गठन किया गया। टीम ने मालपुरा नगरपालिका पहुंच मामले की तथ्यात्मक जांच करने का प्रयास किया लेकिन पालिका में अधिशाषी अधिकारी, जेईएन, लेखाकार, वरिष्ठ लिपिक के पद रिक्त होने तथा किसी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी के मौके पर नहीं मिलने से जांच टीम ने जांच की औपचारिकता पूरी कर विवादित पट्टा प्रकरण का मौका निरीक्षण कर लौट गये। पालिका में अचानक जांच टीम के आने से हडकम्प मच गया।

## वृद्धा के गले से जेवर पार करते दो महिला गिरफ्तार

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** रोडवेज मुख्य बस स्टैंड पर दो महिलाओं को बस में सवार एक वृद्धा के गले से मंगलसूत्र तथा जोल्या तोडने की वारदात को अंजाम देते हुए रंगेहाथों दबोच लिया गया।

जानकारी अनुसार बस में सवार बुजुर्ग महिला सोनी देवी यादव जो गोविंदपुरा अपनी रिश्तेदारी में जाकर मुख्य बस स्टैंड पहुंचकर रोडवेज बस से अपने गांव अणतपुरा जाने के लिए सवार ही हुई थी इस दौरान बस में पहले से सवार दो महिलाओं ने बुजुर्ग महिला को अकेली देखकर उसके गले में पहन रखे सोने के आभूषणों पर नजर डालकर एक ने दूसरी महिला को बुजुर्ग महिला की ओर धक्का लगाकर उसका ध्यान भटका दिया और जल्दी से उसके गले से सोने का एक मंगलसूत्र तथा दो जोल्या खोल लिया। इसी दौरान दोनों महिलाओं पर पहले से काफी समय से परिचालक श्रवण स्वामी को शक होने के कारण नजर बनाकर रखा हुआ था जैसे ही महिलाओं ने बुजुर्ग महिला सोनी देवी के आभूषणों को खोले वैसे ही मौके पर दोनों को दबोच लिया। बस स्टैंड पर हल्ला मचते ही लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। दोनों महिलाएं मौका पाकर फरार होने की कोशिश कर रही थी लेकिन परिचालक तथा कांस्टेबल राकेश खन्ना ने दोनों महिलाओं पकडकर चौकी पर बैठाया। इधर घटना की सूचना लगते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों महिलाओं को पूछताछ के लिए थाने लेकर गई। पूछताछ में दोनों महिलाओं ने अपना नाम गुढा निवासी ममता तथा प्रियंका बावरिया सगी बहिन होना बताया। फिलहाल पुलिस पूछताछ कर रही है।

## मेट के लिए आवेदन 31 मार्च तक

**कोटपूतली, (निसं)।** नगर परिषद क्षेत्र में इन्दिरा गाँधी शहरी रोजगार गारन्टी योजना के तहत हो रहे कार्यों के लिए मेट पद हेतु आवेदन 31 मार्च 2024 तक किये जा सकते है। कार्यवाहक आयुक्त एसडीएम बृजेश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त पद के लिए जॉब कार्ड धारक ही आवेदन कर सकेगें। जानकारी हेतु परिषद कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है। महिलाओं हेतु 10वीं व पुरूषों हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आवश्यक है। मेट का चिन्हिकरण कर पैनल बनाया जाना है। जिसमें मेटों का नियोजन रोटेशन के आधार पर किया जायेगा।

## कलेक्टर ने पावटा स्थित कार्यालयों एवं सी.एच.सी. का निरीक्षण किया

- डीसीसी के दोनों काउंटरों को चालू रखने, छत की मरम्मत व सफाई व्यवस्था माकूल रखने के निर्देश

**पावटा, (निस)।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने गुरुवार को उपखंड कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं सीएचसी पावटा का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने कार्यालयों में साफ-सफाई रखने, रद्दी पडे सामान को व्यवस्थित करने, कार्यालय में समय पर पहुंचकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कार्यालय समय के दौरान कोई भी कार्मिक अनुपस्थित नहीं रहे। इस दौरान उन्होंने ई-फाइल की ट्रेनिंग लेकर विभागीय कार्यों को ई-फाइल के माध्यम से संपादित करने के लिए निर्देशित किया। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पावटा का औचक निरीक्षण कर आपातकालीन सेवाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वार्डों में भर्ती मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य केन्द्र में मिलने वाली सुविधाओं व उपचार की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से चिकित्सा सेवाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उपचार की त्वरित व्यवस्था सहित निःशुल्क दवाईयों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

वही डीसीसी के दोनों काउंटरों को चालू रखने छत की मरम्मत व सफाई व्यवस्था माकूल रखने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने जांच पर्ची काउंटर की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सभी डॉक्टर्स व कर्मचारियों को समय पर उपस्थित रहने के लिए पाबंद किया। वही कचरे के निपटान के लिए लाल पिला, काला रग का कचरा पात्र प्रयाग करने की हिदायत दी एवं अपशिष्ट एवं भंडारण, परिवहन व निपटान की सुनियोजित व्यवस्था हेतू निर्देशित किया। वही उन्होंने सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर स्वास्थ्य केन्द्र में आने वाले मरीजों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी को निर्देश दिये कि सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। इस संबंध में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रभारी को दिए।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र में आने वाले मरीजों को तुरंत उपचार मिले उन्हें यहां वहां भटकना नहीं पडे, इसकी पुख्ता व्यवस्था की जाए। इस दौरान पावटा एसडीएम कपिल कुमार, तहसीलदार प्रवीण कुमार, वाइस चेयर मेन अशोक सैनी, नरपत सिंह, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल सहित संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### जिला कांग्रेस कमेटी अलवर का प्रदर्शन



**अलवर, (निसं)।** केंद्र की बीजेपी सरकार और एसबीआई के बीच मिलीभगत को उजागर करने हेतु जिला कांग्रेस कमेटी,अलवर की ओर से रोड नंबर 2 स्थित एसबीआई बैंक के सामने कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में विरोध-प्रदर्शन किया गया। विरोध-प्रदर्शन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, विधायक मांगेलाल मीणा, पूर्व विधायक साफिया खान, राजेंद्र गंडूरा, अजीत यादव, संजय यादव, राजेन्द्र सिंह अडवाना, शादी खान,फूलचंद शर्मा,चंद्रभान गुर्जर,जगदीश अवस्थी, जमशेद खान, हरिशंकर रावत, जयसिंह जाटव, अंकित गोयल, अनवर साजिद, ब्लॉक अध्यक्ष जेडी आर्यन, प्रीतम मेंहदीरत्ता, जफरू खान, अनूप शर्मा, अशोक मुदगल, राकेश यादव, रवि मीणा, विक्रम यादव, राजेश कृष्ण सिद्ध, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, गोपेश कुमार शर्मा, ओमप्रकाश सैन, सोनू गोपालिया, धर्मपाल नंगली, भरतलाल महाराज, धर्मेंद्र कुमार, अब्दुल खान आदि उपस्थित रहे।

### क्विज व ऑरल प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता

**सांभरझील, (निसं)।** राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इंस्टीट्ययूशंस इनोवेशन काउंसिल, वूमेन सेल एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में क्विज एवं ऑरल प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वूमेन एंटरप्रेन्योरशिप थीम पर ऑरल प्रेजेंटेशन एवं राष्ट्रीय शिक्षा दिवस थीम पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया। डॉ ऋतु शर्मा, शशि कुमावत, डॉ पूजा पारीक एवं सुमन कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। ऑरल प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में देव जांगिड और नरेश पाल वीर प्रथम, डिंपल पारीक द्वितीय एवं लक्षिता पारीक तृतीय स्थान पर रहे। क्विज प्रतियोगिता में परमजीत, ललित, देवराज कुमावत एवं यश विजेता रहे। कार्यक्रम संचालन डॉ ओम दत्त परेवा एवं डॉ नंदा राम ने किया। इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### ठग कांस्टेबल को धक्का देकर फरार

**दूदू, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर स्थित पुलिस थाना मौजमाबाद परिसर में मंगलवार देर शाम करीब 8:15 बजे जमीन में गडे धन निकालने के मामले में गिरफ्तार आरोपी तांत्रिक कैलाश उर्फ राजू बावरिया शौच के बहाने पुलिस कांस्टेबल को धक्का देकर थाना परिसर में उगे बबूल के पेडों का लाभ उठाते हुए फरार हो गया। इसके चलते पुलिस थाने में हडकंप मच गया। सूचना मिलने पर डीएसपी रूपसिंह इंद्र मौके पर पहुंचे तथा उनके निर्देश पर चार पुलिस टीमों का गठन कर रात भर सर्च अभियान चलाया गया। इसमें दूदू, मौजमाबाद एवं फागी थाना के पुलिसकर्मी ने रात भर जगह-जगह दबिश दी परंतु समाचार लिखे जाने तक आरोपी कैलाश उर्फ राजू बावरिया का कोई सुराग नहीं लगा।

### महिलाओं को कानूनी जानकारी दी

**सांभरझील, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजीत कुमार हिंगर के निर्देशानुसार अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति बृजेश कुमार शर्मा के निर्देशन में स्वामी विवेकानंद पब्लिक, स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यायाधिकारी पूजा मीणा द्वारा की गई। महिलाओं को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2023 के संबंध में जागरुक व संवेदनशीलना बढाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। प्रभारी चान्दमल सांवरिया ने भी विचार रखे।


सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

एफ.एम.डी. रोग प्रतिरोधक टीकाकरण अभियान



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

क्या आप जानते हैं?

- इस रोग के कारण देश में प्रतिवर्ष 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक आर्थिक हानि का अनुमान।
- रोगी पशुओं में दूध उत्पादन में एकदम गिरावट।

स्वस्थ पशुधन के प्रति आपकी प्रतिबद्धता इस अभियान में अमूल्य सहयोग देकर आज ही अपने दुधारु पशुओं को टीका लगवाएं।




पशुओं के कान पर 12 डिजिट का टैग अवश्य लगवायें।

- आइए अपनी गाय-भैंसों को खुरपका-मुंहपका (एफ.एम.डी.) रोग प्रतिरोधक टीका लगवा कर उन्हें रोग मुक्त रखें ताकि उनकी दुग्ध उत्पादन क्षमता बनी रहे।
- याद रखें छः-छः माह के अन्तराल पर वर्ष में दो बार दुधारु पशुओं को टीका अवश्य लगवायें।
- राज्य के सभी पशु चिकित्सा संस्थाओं में यह टीके उपलब्ध हैं।

राजस्थान संवाद

पशुधन को स्वस्थ एवं निरोगी रखें और अधिक उत्पादन पाएं।

पशुपालन विभाग, राजस्थान

राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जनहित में जारी